# झारखंड लोक सेवा आयोग

## सर्कुलर रोड, रांची – 834001

## विज्ञापन

ऑनलाईन (Online) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–03.04.2017

विज्ञापन संख्या–06/2017

## नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन लेखा पदाधिकारी नियुक्ति परीक्षा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–2279 (अनु0) दिनांक–14.03.2016 तथा नगर विकास विभाग, राँची के पत्रांक–184(अनु0) दिनांक–19.01.2015 द्वारा **लेखा पदाधिकारी** के पदों पर सीधी भर्त्ती/नियुक्ति हेतु संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक भारतीय अर्हत्ताधारियों से विहित शर्त्तों एवं निर्देशों के अनुरूप ऑनलाईन (Online) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. **(i) पद का नाम– लेखा पदाधिकारी (Account Officer)**

   **(ii) विभाग द्वारा अधियाचित कोटिवार रिक्त पदों की संख्या निम्नवत् है :–**

| S.No. | Category | A. Vertical Reservation | B. Horizontal Reservation against total vacancy | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | No. of vacancies | Women | | Handicapped | | |
| | | | | Sports | Visual impairment | Deaf & Dumb | Locomotive |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| i | Unreserved | 08 | 01 | - | 01 | - | - |
| ii | SC | 02 | | - | | | |
| iii | ST | 04 | | - | | | |
| iv | BC-I | 01 | | - | | | |
| v | BC-II | 01 | | - | | | |
| Total of (i) to (v) | | 16 | - | - | - | - | - |

2. वेतनमान – PB-II- 9,300-34,800 (Grade Pay – 5,400)

3. परीक्ष्यमान अवधि – 02 (दो) वर्ष

4. पद – स्थायी

5. **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हत्ता** :– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र या गणित या वाणिज्य या सांख्यिकी विषय में स्नातक डिग्री हो।

6. **उम्र सीमा की संदर्भ तिथि** :– **01.08.2015**

**टिप्पणी**:–सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्राप्त लब्धांक अन्य लिखित पत्रों और व्यक्तित्व परीक्षण के लब्धांकों में नहीं जोड़ा जायेगा, लेकिन जो उम्मीदवार अनिवार्य सामान्य हिन्दी पत्र एवं अंग्रेजी पत्र में 30 प्रतिशत लब्धांक प्राप्त नहीं करेंगे वे लिखित परीक्षा में योग्यता प्राप्त नहीं समझे जायेंगे।

**(C) उपर्युक्त अनिवार्य विषयों के अतिरिक्त मुख्य परीक्षा में 04 वैकल्पिक विषय होंगे। उम्मीदवार इन विषयों में से कोई एक विषय ले सकते हैं :–**

1. वाणिज्य
2. अर्थशास्त्र
3. सांख्यिकी
4. गणित

**नोटः**–

1. वैकल्पिक विषय के दो पत्र होंगे तथा प्रत्येक पत्र 200 अंकों का होगा।
2. मुख्य परीक्षा में वैकल्पिक विषयों का मानक लगभग वही होगा जो झारखंड के विश्वविद्यालयों के तीन वर्षीय ऑनर्स परीक्षा का है।
3. मुख्य परीक्षा में वैकल्पिक विषयों का एक बार किया गया चुनाव अंतिम होगा जो किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जायेगा।
4. परीक्षा में शामिल होने से संबंधित किसी भी प्रकार का यात्राभत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

**09. परीक्षा का न्यूनतम अर्हतांक :–**

| कोटि | न्यूनतम अर्हतांक |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | 40% |
| पिछड़ा वर्ग | 36.5% |
| पिछड़ा वर्ग एनेक्चर–I | 34% |
| अनुसूचित जाति / जनजाति | 32% |

**न्यूनतम अर्हतांक का उपर्युक्त रूप में निर्धारण सभी लिखित परीक्षाओं (वस्तुनिष्ठ / विषयनिष्ठ) पर समान रूप से लागू रहेगा। अन्तर्वीक्षा (साक्षात्कार) के लिए उक्त न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।**

**10.** प्रारंभिक परीक्षा में न्यूनतम अर्हतांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेधाक्रमानुसार मुख्य परीक्षा में सम्मिलित करने के लिए कोटिवार रिक्त कुल पदों की 15 गुणा संख्या में shortlist किया जायेगा। मुख्य परीक्षा से कोटिवार रिक्तियों के तीन से चार गुणा संख्या में अभ्यर्थियों को अन्तर्वीक्षा के लिए सफल घोषित किया जायेगा।

**अपवादः**–वैसे अभ्यर्थी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के हकदार नही होंगे जिन्हें संघ लोक सेवा आयोग अथवा किसी राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा कदाचार या अन्य किसी मामले में परीक्षा से वंचित कर दिये जाने का आदेश पारित किया गया है। उम्मीदवारों के परीक्षा में बैठने की पात्रता या अपात्रता के बिन्दु पर आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

**11. आरक्षण का लाभ :–**

(क) **ऑनलाइन** (Online) आवेदन में नियत प्रविष्टि के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

(ख) आरक्षण का लाभ केवल झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी को सक्षम स्तर के पदाधिकारी अर्थात् **उपायुक्त / अनुमण्डल पदाधिकारी** स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही देय होगा।

